# NTSE (Level-1) Exam. November – 2019
# Part – II : Scholastic Aptitude Test (SAT)
## SET : D

बुकलेट क्रमांक एवं
ओ०एम०आर० क्रमांक
Booklet Serial No. &
OMR Serial No.

अनुक्रमांक (अंकों में) :
Roll No. (In Figures)

अनुक्रमांक (शब्दों में) :
Roll No. (In Words)

परीक्षा केन्द्र का नाम :
Name of Examination Centre

अभ्यर्थी का नाम :
Name of Candidate

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर :**
**Signature of the Candidate**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| *इस प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या* *No. of Pages in this Question Booklet* | **48** | *प्रश्नों की संख्या* *No. of Questions* | **100** | *समय* *Time* | **2 hours** |

**निरीक्षक के हस्ताक्षर / Signature of the Invigilator :**

***अभ्यर्थी को 10 मिनट का समय प्रश्न-पुस्तिका पर छपे निर्देशों को पढ़ने, प्रश्न-पत्र बुकलेट में दिए गए प्रश्नों के सीरियल नम्बर चैक करने तथा ब्यौरा भरने के लिए दिया जाएगा। यदि प्रश्न-पत्र बुकलेट में प्रश्नों के सीरियल नम्बर गलत छपे हों तो तुरन्त केन्द्र अधीक्षक से निवेदन करके प्रश्न-पत्र बुकलेट बदल लें। परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। इन 10 मिनटों के अतिरिक्त, प्रश्नों के उत्तर देने व अंकित करने के लिए पूरे 2 घंटे का समय दिया जाएगा।***

### अभ्यर्थियों के लिए निर्देश :

1. ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल काले बॉल प्वाइंट पैन से विवरण भरें।
2. परीक्षा की अवधि ***2 घंटे*** है एवं परीक्षा पुस्तिका में ***100*** प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है। ***कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है।***
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर-पत्रक पर निशान लगाने के लिए केवल काले बॉल प्वाइंट पैन का प्रयोग करें। अभ्यर्थी प्रश्न-पुस्तिका का उपयोग करने एवं उत्तर-पत्रक को भरने में सावधानी बरतें। ***दूसरी प्रश्न-पुस्तिका सैट प्रदान नहीं की जाएगी।***
4. यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका क्रमांक और उत्तर-पत्रक क्रमांक एक ही हैं। अगर यह भिन्न हों तो अभ्यर्थी दूसरी प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर-पत्रक लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ।

***नोट : इस पुस्तिका के अन्त में दिए गए शेष निर्देशों को पढ़ें।***

### *INSTRUCTIONS FOR THE CANDIDATES :*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill the particulars carefully with black ball point pen only.
2. The test is of *two hours* duration and consists of *100* questions. Each question carries one mark. *There is no negative marking.*
3. Use Black Ball Point Pen only for writing particulars on this page/marking responses in the Answer Sheet. The candidate should remain careful in handling the question paper and in marking the answers on the answer sheet. *Another booklet set will not be given.*
4. Also ensure that your Test Booklet Serial No. and Answer Sheet Serial No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.

*Note : Read other remaining instructions given on the last page of this Booklet.*

## रफ कार्य के लिए / **FOR ROUGH WORK**

# Class – 10th (SAT)
# Scholastic Aptitude Test

**Questions : 100** **Max. Marks : 100** **Time : 2 Hours**

**1.** Element $M$ forms a chloride with the formula $MCl_3$. Element $M$ would most likely in the same group of periodic table as :

(1) $Si$

(2) $Al$

(3) $Mg$

(4) $Na$

**2.** If a, b and c are integers such that $\left(\sqrt[3]{4}+\sqrt[3]{2}-2\right)\left(\sqrt[3]{4a}+\sqrt[3]{2b}+c\right)=20$, then which one of the following is ***true*** ?

(1) a + b – c = 10

(2) a – b + c = 10

(3) a + b = 2c

(4) a + b + c = 16

**1.** तत्व $M$, $MCl_3$ सूत्र वाला एक क्लोराइड बनाता है। आवर्त सारणी में यह तत्व $M$ संभवतः किस समूह के अंतर्गत होगा ?

(1) $Si$

(2) $Al$

(3) $Mg$

(4) $Na$

**2.** यदि a, b और c पूर्णांक हैं और $\left(\sqrt[3]{4}+\sqrt[3]{2}-2\right)\left(\sqrt[3]{4a}+\sqrt[3]{2b}+c\right)=20$, है, तो निम्न में से कौन-सा ***सत्य*** है ?

(1) a + b – c = 10

(2) a – b + c = 10

(3) a + b = 2c

(4) a + b + c = 16

**3.** $CH_3-\underset{}{\overset{OH}{\overset{|}{C}H}}-CH_2-\overset{O}{\overset{||}{C}}-CH_2-\overset{O}{\overset{||}{C}}-H$

Which functional groups are present in this organic compound ?

(1) Alcohol, ketone and ester

(2) Alcohol, ketone and carboxylic acid

(3) Alcohol, ketone and aldehyde

(4) Alcohol, aldehyde and carboxylic acid

**4.** In a two body collision, the momentum is varying with time as shown in graph. The instantaneous force is maximum at :




(1) P

(2) Q

(3) R

(4) S

**3.** $CH_3-\underset{}{\overset{OH}{\overset{|}{C}H}}-CH_2-\overset{O}{\overset{||}{C}}-CH_2-\overset{O}{\overset{||}{C}}-H$

उपरोक्त कार्बनिक रासायन में कौन-से प्रकार्यात्मक समूह उपस्थित हैं ?

(1) अल्कोहल, कीटोन तथा एस्टर

(2) अल्कोहल, कीटोन तथा कार्बोक्सिलिक अम्ल

(3) अल्कोहल, कीटोन तथा एल्डीहाइड

(4) अल्कोहल, एल्डीहाइड तथा कार्बोक्सिलिक अम्ल

**4.** द्वि-पिण्ड संघट्ट में, समय के साथ संवेग का परिवर्तन ग्राफ में प्रदर्शित है। तात्कालिक बल का अधिकतम मान होगा :




(1) P

(2) Q

(3) R

(4) S

**5.** If $a = (\sin\theta - \cos\theta)^4$, $b = \sin^6\theta + \cos^6\theta$ and $c = (\sin\theta + \cos\theta)^2$, then the value of $\sqrt{3a+4b+6c}$ lies between :

(1) 2 and 3 (2) 3 and 4

(3) 4 and 5 (4) 5 and 6

**6.** How many numbers lie between 100 and 400 which when divided by 9 leave a remainder 6, and when divided by 21, leave a remainder 12 ?

(1) 3 (2) 4

(3) 5 (4) 6

**7.** A person of weight W jumps to ground with his legs fixed & comes to rest with an upward acceleration of 3 g. (g = acceleration due to gravity). The force exerted by him during landing is :

(1) W (2) 2 W

(3) 3 W (4) 4 W

**5.** यदि $a = (\sin\theta - \cos\theta)^4$, $b = \sin^6\theta + \cos^6\theta$ और $c = (\sin\theta + \cos\theta)^2$ है, तो $\sqrt{3a+4b+6c}$ का मान निम्न के बीच है :

(1) 2 और 3 (2) 3 और 4

(3) 4 और 5 (4) 5 और 6

**6.** 100 और 400 के बीच ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिन्हें 9 से भाग देने पर शेषफल 6 आता है और 21 से भाग देने पर शेषफल 12 आता है ?

(1) 3 (2) 4

(3) 5 (4) 6

**7.** W भार का एक व्यक्ति, अपने पैरों को स्थायी रखते हुए यदि पृथ्वी पर कूदे और '3 g' के उपरमुखी त्वरण के साथ विराम में आये (g = गुरुत्वीय त्वरण), तो कूदते समय उस पर आरोपित बल होगा :

(1) W (2) 2 W

(3) 3 W (4) 4 W

8. ABCD is a cyclic quadrilateral in which AB = 14.4 cm, BC = 12.8 cm and CD = 9.6 cm. If AC bisects BD, then what is the length of AD ?

(1) 16.4 cm

(2) 13.6 cm

(3) 15.8 cm

(4) 19.2 cm

9. Which of the following statement does not match the Nazi views on women ?

(1) Women are radically different from men.

(2) Women must become good mothers and rear pure blooded 'Aryan' children.

(3) Women should be entitled equal rights to men.

(4) Women must produce more children.

8. ABCD एक चक्रीय चतुर्भुज है, जिसमें AB = 14.4 cm, BC = 12.8 cm और CD = 9.6 cm हैं। यदि AC, BD को समद्विभाजित करता है, तो AD की लंबाई क्या है ?

(1) 16.4 cm

(2) 13.6 cm

(3) 15.8 cm

(4) 19.2 cm

9. निम्नलिखित में से कौन सा कथन, महिलाओं के बारे में नाजी विचारधारा से मेल नहीं खाता ?

(1) महिलाएँ पुरुषों से एकदम भिन्न होती हैं।

(2) महिलाओं को अच्छी माताएँ बनना चाहिए तथा शुद्ध-रक्त के आर्य बच्चों का लालन-पालन करना चाहिए।

(3) महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार मिलने चाहिए।

(4) महिलाओं को अधिकाधिक बच्चे पैदा करने चाहिए।

**10.** Maintaining the proper amount of water and proper ionic balance in the body is named as :

(1) Homeostasis

(2) Osmoregulation

(3) Excretion

(4) Nutrition

**11.** What model of government did Montesquieu propose in his book 'A Spirit of Laws' ?

(1) To refute the doctorine of the divine and absolute rights of the monarch.

(2) A government based on the social contract between people and their representatives.

(3) Division of powers within the government between the legislative, the executive and the judiciary.

(4) Concentration of all the powers in the hands of a monarch and his group of loyal people.

**12.** Headquarter of UNESCO is at ?

(1) Geneva (2) Rome

(3) Paris (4) London

**10.** शरीर में उचित मात्रा में पानी व उचित मात्रा में आयनिक सन्तुलन को कहा जाता है :

(1) होमियोस्टेसिस

(2) आस्मोरेगुलेशन

(3) एक्सक्रीशन (मल त्याग)

(4) न्यूट्रीशन (पोषण)

**11.** मॉन्टेस्क्यू ने अपनी पुस्तक 'ए स्पिरिट ऑफ लॉज' में सरकार के किस स्वरूप को प्रस्तावित किया ?

(1) तानाशाह के दैवी तथा संप्रभुता के अधिकारों का खंडन।

(2) नागरिकों व उनके प्रतिनिधियों के बीच सामाजिक समझौते पर आधारित सरकार।

(3) सरकार के भीतर वैधानिक, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका के बीच शक्तियों का बंटवारा।

(4) तानाशाह तथा उसके स्वामीभक्तों के समूह के हाथों में सभी शक्तियों का केंद्रीयकरण।

**12.** यूनेस्को का मुख्यालय कहाँ पर है ?

(1) जिनेवा (2) रोम

(3) पेरिस (4) लन्दन

**13.** Blood cells are manufactured in our :

(1) Bone marrow

(2) Liver

(3) Spleen

(4) Pancreas

**14.** Read the following statements.

**Statement - I :** Plaster of Paris is stored in moisture proof containers.

**Statement - II :** Plaster of Paris on reaction with water changes into a hard solid gypsum.

Select the ***correct*** answer from the options given below :

(1) Statement - I is true, Statement - II is false.

(2) Statement - I is false, Statement - II is true.

(3) Both Statements are true and Statement - II provides explanation to Statement - I

(4) Both Statements are true but Statement - II does not provide explanation to Statement - I.

**13.** हमारी रक्त कोशिकाओं का निर्माण निम्न में होता है :

(1) अस्थि मज्जा

(2) यकृत

(3) प्लीहा (तिल्ली)

(4) अग्न्याशय

**14.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।

**कथन - I :** प्लास्टर ऑफ पेरिस को आर्द्र -रोधी बर्तन में रखा जाता है।

**कथन - II :** प्लास्टर ऑफ पेरिस जल से अभिक्रिया करके कठोर ठोस जिप्सम में बदल जाता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से ***सही*** उत्तर चुनिए :

(1) कथन - I सही है, कथन - II गलत है।

(2) कथन - I गलत है, कथन - II सही है।

(3) दोनों कथन सही है और कथन - I कथन - II की व्याख्या करता हैं।

(4) दोनों कथन सही है परन्तु कथन - II कथन - I की व्याख्या नहीं करता हैं।

**15.** How many valence electrons are present in $Cl^-$ ion ?

(1) 5

(2) 6

(3) 7

(4) 8

**16.** Which of the following statements are ***correct*** in relation to liberal Nationalism in 19th C. Europe ?

I Freedom for the individual and equality of all before the law.

II Government by concent of all.

III End of autocracy and the privileges of clergy.

IV Equal political rights for women and non - propertied men.

(1) I, II, IV

(2) I, II, III

(3) II, III, IV

(4) I, III, IV

**15.** $Cl^-$ आयन में कितने संयोजकता इलेक्ट्रॉन हैं ?

(1) 5

(2) 6

(3) 7

(4) 8

**16.** 19वीं शताब्दी के यूरोप में उदार राष्ट्रवाद के संदर्भ में कौन से कथन ***सही*** हैं ?

I व्यक्ति के लिए आजादी और कानून के समक्ष सबकी बराबरी।

II सबकी सहमति से बनी सरकार।

III निरंकुश शासक और पादरीवर्ग के विशेषाधिकारों की समाप्ति।

IV महिलाओं व संपत्तिविहीन पुरुषों को समान राजनीतिक अधिकार।

(1) I, II, IV

(2) I, II, III

(3) II, III, IV

(4) I, III, IV

**17.** How many subjects are given in central list ?

(1) 97 (2) 66

(3) 50 (4) 47

**17.** केन्द्रीय सूची में कुल कितने विषय हैं ?

(1) 97 (2) 66

(3) 50 (4) 47

**18.** Which of the following organ in human male is called thermoregulator ?

(1) Vas deferens

(2) Ejaculatory ducts

(3) Scrotum

(4) Cowper's gland

**18.** पुरुषों में निम्नलिखित में से किस भाग को थर्मोरेगुलेटर कहा जाता है ?

(1) वास डिफरेन्स

(2) इजेकुलेटरी डक्ट्स

(3) स्क्रोटम

(4) कूपर्स ग्रन्थि

**19.** The force between a hollow sphere 'S' and a point mass 'P' inside it, as shown in figure is :




(1) Attractive & Constt.

(2) Repulsive & Constt.

(3) Attractive & depends upon the location of P w.r.t centre

(4) Zero

**19.** चित्र में दिखाए अनुसार एक खोखले गोले 'S' और उसी के अन्दर एक बिन्दु द्रव्यमान 'P' के मध्य लगने वाला बल है :




(1) आकर्षण एवं नियत

(2) प्रतिकर्षण एवं नियत

(3) आकर्षण एवं केंद्र के सापेक्ष P की स्थिति पर निर्भर

(4) शून्य

**20.** What is the mass of 2.5 moles of $CO_2$ ?

(1) 100 g

(2) 110 g

(3) 88 g

(4) 98 g

**21.** Organs which look different and perform different functions but have similar basic structure and origin are called :

(1) Analogous organs

(2) Homologous organs

(3) Similar organs

(4) Dissimilar organs

**22.** Carrying the flag, holding it aloft during marches in Indian National movement, was a symbol of :

(1) Leadership

(2) Defiance

(3) Non - Violence

(4) Satyagrah

**20.** 2.5 मोल $CO_2$ की संहति (वजन) क्या होगी ?

(1) 100 g

(2) 110 g

(3) 88 g

(4) 98 g

**21.** ऐसे अंग जो अलग दिखाई देते हैं व अलग-अलग कार्य करते हैं लेकिन उनकी मूल रचना व उत्पत्ति एक जैसी होती है, कहलाते हैं :

(1) एनालोगस अंग

(2) होमोलोगस अंग

(3) एक जैसे अंग

(4) विभिन्न अंग

**22.** भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन के दौरान, जुलूस में झंडा थामे चलना, किस बात का प्रतीक था ?

(1) नेतृत्व

(2) शासन के प्रति अवज्ञा

(3) अहिंसा

(4) सत्याग्रह

**23.** Two organic compounds 'X' and 'Y' react with sodium metal and both produce same gas 'A'. With sodium hydrogen carbonate only compound 'Y' reacts to produce gas 'B' identify X, Y, A and B :

(1) X = $C_2H_4$ Y = $C_2H_5OH$ A = $CO_2$ B = $H_2$

(2) X = $C_2H_5OH$ Y = $CH_3COOH$ A = $H_2$ B = $CO_2$

(3) X = $CH_3OH$ Y = $C_2H_5OH$ A = $H_2$ B = $CO_2$

(4) X = $CH_3COOH$ Y = HCOOH A = $CO_2$ B = $H_2$

**24.** The graphs of the equations $2x + 3y = A$ and $x + 2y = B$ intersect at the point $P$, which also lies on the graph of the equation :

(1) $5x + 3y = A - B$

(2) $3x - 5y = A + B$

(3) $3x - 5y = A - B$

(4) $3x + 5y = A + B$

**23.** दो कार्बनिक यौगिक 'X' और 'Y' सोडियम धातु के साथ अभिक्रिया करके एक ही गैस 'A' बनाते हैं। सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट के साथ केवल 'Y' यौगिक अभिक्रिया करता है तथा गैस B बनाता है। X, Y, A और B को पहचानिए :

(1) X = $C_2H_4$ Y = $C_2H_5OH$ A = $CO_2$ B = $H_2$

(2) X = $C_2H_5OH$ Y = $CH_3COOH$ A = $H_2$ B = $CO_2$

(3) X = $CH_3OH$ Y = $C_2H_5OH$ A = $H_2$ B = $CO_2$

(4) X = $CH_3COOH$ Y = HCOOH A = $CO_2$ B = $H_2$

**24.** समीकरणों $2x + 3y = A$ तथा $x + 2y = B$ के आलेख बिन्दु $P$ पर प्रतिच्छेद करते हैं। बिन्दु $P$ निम्न समीकरण के आलेख पर भी स्थित है :

(1) $5x + 3y = A - B$

(2) $3x - 5y = A + B$

(3) $3x - 5y = A - B$

(4) $3x + 5y = A + B$

**25.** Which of the following is ***not*** a part of human hind brain ?

(1) Crura cerebri

(2) Medulla oblongata

(3) Pons varoli

(4) Cerebellum

**26.** A body is dropped from rest. Its velocity varies with displacement covered as :

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 


**27.** A cork is immersed in a jar of water & released. How the cork will move if the jar is assumed to be kept in a satellite orbiting earth :

(1) Sink

(2) Rise

(3) Remain where left

(4) Depends upon the satellite velocity

**25.** मानव मस्तिष्क के पश्च हिस्से में निम्न में से कोई एक भाग ***नहीं*** है।

(1) क्रूरा सेरीब्राई

(2) मेडुला आब्लोंगेटा

(3) पोन्स वेरोलाई

(4) सेरीबेलम

**26.** विराम से गिरायी गयी एक वस्तु का, वेग - विस्थापन ग्राफ होगा :

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 


**27.** एक कॉर्क को पानी से भरे जार में डुबो कर छोड़ दिया गया। यदि जार को पृथ्वी का परिभ्रमण करते हुए उपग्रह में रखा हुआ माना जाए, तो कॉर्क की गति होगी :

(1) यह डूब जाएगा

(2) यह ऊपर उठेगा

(3) जहाँ छोड़ा गया, वहीं रहेगा

(4) यह उपग्रह की चाल पर निर्भर है

**28.** A 10 kg box is suspended from a beam in three ways as shown in figure. In which case, tension in string is maximum ?




(1) i (2) ii

(3) iii (4) iii & iv both

**29.** Which of the following were the famous three demands of Lenin that are also known as 'April Theses' ?

I The war be brought to close.

II Land be transfered to the peasants.

III Restrictions on public meetings be imposed

IV Banks be nationalised.

(1) I, II, III (2) II, III, IV

(3) I, III, IV (4) I, II, IV

**28.** 10 kg के एक बॉक्स को एक छड़ से चित्रानुसार तीन तरीकों से लटकाया गया है। इनमें से किस स्थिति में डोरी में तनाव अधिकतम होगा ?




(1) i (2) ii

(3) iii (4) iii व iv दोनों

**29.** निम्नलिखित में से लेनिन की प्रसिद्ध तीन माँगें कौन-सी थीं जिन्हें 'अप्रैल थीसिस' के नाम से भी जाना जाता है ?

I युद्ध बंद कर दिया जाए।

II किसानों को जमीन वापस दे दी जाए।

III जनसभाओं पर पाबंदी लगा दी जाए।

IV बैंकों को राष्ट्रीयकृत किया जाए।

(1) I, II, III (2) II, III, IV

(3) I, III, IV (4) I, II, IV

**30.** If $\frac{3}{\sqrt{28+10\sqrt{3}}-\sqrt{7-4\sqrt{3}}}=a+\sqrt{3}b$

Where $a$ and $b$ are integers, then the value of $\sqrt{5a+12b}$ is :

(1) 4 (2) 3

(3) $\sqrt{11}$ (4) $\sqrt{13}$

**31.** Arrange the following in a chronological sequence :

I Second Round table conference

II Establishment of Depressed class Association

III Breaking of salt law and beginning of civil disobedience Movement

IV Lahore Congress

(1) II, III, IV, I

(2) I, II, III, IV

(3) IV, II, III, I

(4) III, I, II, IV

**30.** यदि $\frac{3}{\sqrt{28+10\sqrt{3}}-\sqrt{7-4\sqrt{3}}}=a+\sqrt{3}b$ है, जहाँ $a$ और $b$ पूर्णांक हैं, तो $\sqrt{5a+12b}$ का मान है :

(1) 4 (2) 3

(3) $\sqrt{11}$ (4) $\sqrt{13}$

**31.** निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें :

I द्वितीय गोलमेज सम्मेलन

II दलित-वर्ग एसोसिएशन की स्थापना

III नमक-कानून तोड़ना तथा सविनय अवज्ञा आन्दोलन की शुरूआत

IV लाहौर कांग्रेस

(1) II, III, IV, I

(2) I, II, III, IV

(3) IV, II, III, I

(4) III, I, II, IV

**32.** The vapour density of an organic compound is 30. This organic compound can be :

(1) Ethanol

(2) Ethanal

(3) Ethanoic acid

(4) Methyl ethanoate

**33.** Which of the following does ***not*** have poison apparatus ?

(1) Scorpion (2) Centipede

(3) Spider (4) Crab

**34.** India imports Chinese toy at Rs. 100, whereas the same toy is manufactured and available in India for Rs. 150. Now if Indian Govt. puts tax of Rs 50 on import of that toy. This Practice of Indian Govt. is known as :

(1) Export Substitution

(2) Trade barrier

(3) Import Substitution

(4) Dumping

**32.** एक कार्बनिक रासायन का वाष्प घनत्व 30 है। यह कार्बनिक रासायन हो सकता है :

(1) इथेनॉल

(2) इथेनल

(3) एथेनोइक अम्ल

(4) मिथाइल एथेनोएट

**33.** निम्नलिखित में किसमें विष उपकरण ***नहीं*** होता ?

(1) बिच्छू (2) सेंटीपीड

(3) मकड़ी (4) केकड़ा

**34.** भारत चीन से रु० 100 की कीमत वाला एक खिलौना आयात करता है जबकि वही खिलौना भारत में निर्मित होता है और रु० 150 में मिलता है। अब यदि भारत सरकार उस खिलौने के आयात पर रु० 50 का कर लगा देती है, तो भारत सरकार की इस नीति को कहा जाएगा :

(1) निर्यात प्रतिस्थापन

(2) व्यापार अवरोधक

(3) आयात प्रतिस्थापन

(4) डम्पिंग

**35.** Match the following states with respect to their highest literacy rate :

| | State | Literacy Rate % |
|---|---|---|
| A | Kerala | (i) 91.85 |
| B | Lakshwadeep | (ii) 91.33 |
| C | Mizoram | (iii) 94.00 |
| D | Tripura | (iv) 87.75 |

(1) A (ii), B (iii), C (i), D (iv)

(2) A (iii), B (iv), C (i), D (ii)

(3) A (iii), B (i), C (ii), D (iv)

(4) A (iv), B (iii), C (ii), D (i)

**36.** Teacher wrote following points on the blackboard about a particular crop i.e. Temp. 20° - 35°C, Rainfall - not less than 200 cm Terrain - undulating, soil - laterite, red, yellow. Which of the following crop the teacher is discussing about ?

(1) Jute (2) Millet

(3) Coffee (4) Rubber

**35.** उच्चतम साक्षरता दर के संबंध में आरोही क्रम के आधार पर उत्तर दें :

| | राज्य | साक्षरता दर % |
|---|---|---|
| A | केरल | (i) 91.85 |
| B | लक्षद्वीप | (ii) 91.33 |
| C | मिजोरम | (iii) 94.00 |
| D | त्रिपुरा | (iv) 87.75 |

(1) A (ii), B (iii), C (i), D (iv)

(2) A (iii), B (iv), C (i), D (ii)

(3) A (iii), B (i), C (ii), D (iv)

(4) A (iv), B (iii), C (ii), D (i)

**36.** एक अध्यापक कक्षा मे निम्नलिखित में से किसी एक फसल की भौगोलिक परिस्थितियों के बारे में श्यामपट पर लिख रहा है तापमान 20° - 35°C, वर्षा 200 से.मी. से ज्यादा, धरातल-अवप्त भूमि, मिट्टी – लाल, पीली, लेटेराइट। निम्न में से चुनें कि वह किस फसल के बारे अवगत करवा रहा है ?

(1) जूट (2) बाजरा

(3) कॉफी (4) रबड़

**37.** Who among the following coined the phrase 'Jet Stream'?

(1) H. Seilkoph

(2) Wiley Post

(3) Herodotus

(4) Sir Gilbert Walker

**38.** Which of the following type of teeths are called as tearing teeth ?

(1) Incissors (2) Canines

(3) Premolars (4) Molars

**39.** The coordinates of vertices A and B of a triangle ABC are (0, 0) and (36, 15), respectively. If the coordinates of C are integers, then what is the minimum area (in sq. units) that $\Delta ABC$ can have ?

(1) 1

(2) $\frac{3}{2}$

(3) 2

(4) $\frac{5}{2}$

**37.** निम्नलिखित में से किसने 'जेट स्ट्रीम' वाक्यांश गढ़ा ?

(1) एच० सीलकोफ

(2) विलीपोस्ट

(3) हेरोडोटस

(4) सर गिल्बर्ट वाकर

**38.** निम्नलिखित में किस प्रकार के दाँतों को चीरने वाले दाँत कहा जाता है ?

(1) इन्सीजर्स (2) कैनाइन्स

(3) प्रीमोलर्स (4) मोलर्स (दाढ़)

**39.** त्रिभुज ABC के शीर्ष A और B के निर्देशांक क्रमशः (0, 0) और (36, 15) हैं। यदि C के निर्देशांक पूर्णांकों में हैं, तो $\Delta ABC$ का न्यूनतम क्षेत्रफल (वर्ग इकाई में) क्या हो सकता है ?

(1) 1

(2) $\frac{3}{2}$

(3) 2

(4) $\frac{5}{2}$

**40.** Choose the ***correct*** statement :

(1) Lok Sabha and Rajya Sabha have equal power in financial bill.

(2) Lok Sabha and Rajya Sabha have equal power on ordinay bill

(3) Lok Sabha and Rajya Sabha have equal power on constitutional amendment bill.

(4) Rajya Sabha is house of general people.

***Direction :*** (Q. **41** to **44**) Read the statements and select the correct answer from the options given below.

(1) Statement - I is True.
Statement- II is false.

(2) Statement - I is false.
Statement - II is true.

(3) Both statement are true and statement - II provides explanation to statement - I.

(4) Both statements are true but statement - II does not provide explanation of statement - I.

**40.** ***सही*** कथन बताइये :

(1) वित्तीय बिल पर लोकसभा व राज्यसभा को समान शक्तियाँ हैं।

(2) कानून बनाने के साधारण बिल पर, लोकसभा व राज्यसभा को समान शक्तियाँ हैं।

(3) संविधान संशोधन बिल पर लोकसभा व राज्यसभा को समान शक्तियाँ हैं।

(4) राज्यसभा आम व्यक्तियों का सदन है।

***निर्देश :*** (प्र० **41** से **44**) नीचे दिए गए कथनों को पढ़िये और दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) कथन - I सही है।
कथन - II गलत है।

(2) कथन - I गलत है।
कथन - II सही है।

(3) दोनों कथन सही हैं, कथन - II कथन - I की व्याख्या करता है।

(4) दोनों कथन सही हैं, परन्तु कथन - II कथन - I की व्याख्या नहीं करता है।

**41. Statement - I :** Three wars over seven years with Austria, Denmark and France ended in Prussian Victory and completed the process of unification of Germany.

**Statement - II :** On 18th January, 1871 new German Empire was proclaimed headed by Kaiser William I of Prussia in the Palace of Versailles.

**41. कथन - I** : सात वर्ष के दौरान ऑस्ट्रिया, डेनमार्क और फ्रांस से तीन युद्धों में प्रशिया की जीत के साथ जर्मनी के एकीकरण की प्रक्रिया पूरी हुई।

**कथन- II** : 18 जनवरी, 1871 को वर्साय के महल में प्रशिया के काइज़र विलियम - I के अगुवाई में नए जर्मन साम्राज्य की घोषणा की गई।

**42. Statement - I :** On 5th May, 1789, Louis XVI called together an assembly of the Estate General to pass proposals for new taxes.

**Statement - II :** The members of the third estate demanded that voting now be conducted by the principle that each estate had one vote.

**42. कथन - I** : 5 मई, 1789 को लुई XVIवें ने, नए करों के प्रस्ताव को पारित करने के लिए इस्टेट जनरल की सभा बुलाई।

**कथन - II** : तृतीय इस्टेट के सदस्यों ने माँग रखी कि प्रत्येक इस्टेट के एक वोट के सिद्धान्त अनुसार वोटिंग की जाए।

43. **Statement - I :** Under the shadow of the Second World War Germany had waged a genocidal war, which resulted in the mass murder of selected groups of innocent civilians of Europe.

**Statement - II :** Germany's conduct during the war, especially those actions which came to be called 'Crimes Against Humanity' raised serious moral and ethical question and invited worldwide condemnation.

44. **Statement - I :** After the corn laws were scrapped the condition of peasants deteriorated as they were unable to compete with imports.

**Statement - II :** Around the world in Eastern Europe, Russia, Amarica and Australia lands were cleared and food production expanded to meet the British demand .

45. What did freedom mean for the plantation workers of Assam ?

(1) Self Government

(2) Freedom from Zamindars

(3) Fare labour

(4) Right to move freely in and out of the plantations

43. **कथन - I :** द्वितीय विश्वयुद्ध के साये में जर्मनी ने नरसंहार शुरू कर दिया । जिसके परिणामस्वरूप यूरोप के कुछ मासूम नागरिकों के समूहों की बड़ी संख्या में हत्यायें की गईं।

**कथन - II :** युद्ध के दौरान जर्मनी का आचरण, विशेषतः वे कार्य जिन्हें 'मानवता के खिलाफ अपराध' ने गंभीर नैतिक व न्यायसंगत प्रश्नों को उठाया तथा उनकी विश्वव्यापी आलोचना हुई।

44. **कथन - I :** ब्रिटेन में कार्न-लॉ के निरस्त होने के बाद किसानों की हालत बिगड़ने लगी क्योंकि वे आयातित माल की कीमत का मुकाबला नहीं कर सकते थे।

**कथन - II :** पूर्वी यूरोप, रूस, अमेरिका और आस्ट्रेलिया, दुनिया के हर हिस्से में ब्रिटेन के लोगों के भोजन के लिए जमीनों को साफ करके खेती की जाने लगी।

45. असम के बागानी मजदूरों के लिए आजादी का क्या मतलब था ?

(1) अपनी सरकार

(2) जमींदारों से आजादी

(3) उचित मजदूरी

(4) बागानों से बाहर आने-जाने की आजादी

**46.** Anything we get from the physical environment to fulfill our needs is called :

(1) Resource

(2) Agriculture

(3) Domestication

(4) Horticulture

**47.** Consider the following statements.

**A** The velocity of sound in air increases due to presence of moisture in it.

**R** The presence of moisture in air lowers the density of air.

In above statements :

(1) Both 'A' & 'R' are correct & 'R' is the correct explanation of 'A'

(2) Both 'A' & 'R' are correct but 'R' is not the correct explanation of 'A'

(3) 'A' is correct, 'R' is incorrect

(4) 'A' is incorrect, 'R' is correct

**46.** अपनी आवश्यकताओं को पूरी करने के लिए भौतिक वातावरण से जो कुछ भी हम प्राप्त करते हैं, उसे कहा जाता है :

(1) रिसोर्स

(2) एग्रीकल्चर

(3) डोमेस्टीकेशन

(4) हॉर्टीकल्चर

**47.** निम्न कथन पर ध्यान दें।

**A** वायु में नमी की उपस्थिति से इसमें ध्वनि की चाल बढ़ जाती है।

**R** नमी की उपस्थिति में वायु का घनत्व कम हो जाता है।

उपरोक्त कथनों में :

(1) 'A' एवं 'R' दोनों सही हैं तथा 'R', 'A' की सही व्याख्या है

(2) 'A' एवं 'R' दोनों सही हैं तथा 'R', 'A' की सही नहीं व्याख्या है

(3) 'A' सही है, 'R' सही नहीं है

(4) 'A' सही नहीं है, 'R' सही है

48. Which one of the following is ***not*** an example of fixed capital ?

(1) Tools

(2) Raw materials

(3) Machines

(4) Buildings

49. Each exterior angle of a regular polygon is less than 40° and the sum of its interior angles is less than 1980°, If N is the number of sides of the polygon, then the number of possible values of N is :

(1) 7

(2) 5

(3) 3

(4) 2

48. निम्नलिखित में से कौन स्थायी पूँजी का उदाहरण ***नहीं*** है ?

(1) औजार

(2) कच्चा माल

(3) मशीन

(4) भवन

49. किसी समबहुभुज का बहिष्कोण 40° से कम है और इसके अंतः कोणों का योग 1980° से कम है। यदि बहुभुज की भुजाओं की संख्या N है, तो N के संभावित मानों की संख्या है :

(1) 7

(2) 5

(3) 3

(4) 2

**50.** Consider an infinite grid with square cells. The resistance between two adjacent joints is R. Find the net resistance Rnet of the whole grid between two points A & B.




(1) R (2) R/2

(3) R/4 (4) 4R

**51.** When a cell is placed in strong salt solution. It shrinks, because :

(1) Salt solution enters in cell

(2) Cytoplasm of the cell begins to decompose

(3) Water came out of the cell to develop equilibrium

(4) Water enters inside the cell to develop equilibrium

**50.** एक अनन्त विस्तार एवं वर्गाकार खानों के जाल की कल्पना करें। इसके दो निकटवर्ती जोड़ों के बीच प्रतिरोध R है। A और B के मध्य – सम्पूर्ण जाल के तुल्य प्रतिरोध Rnet का मान होगा :




(1) R (2) R/2

(3) R/4 (4) 4R

**51.** जब एक कोशिका को सान्द्र नमक के विलयन में रखा जाता है। ये सिकुड़ जाती है, क्योंकि :

(1) नमक का विलयन कोशिका में प्रवेश करता है

(2) कोशिका का जीवद्रव्य विघटित होना शुरू हो जाता है

(3) कोशिका से पानी बाहर आता है ताकि सामंजस्यता विकसित हो सके

(4) पानी कोशिका के अन्दर जाता है ताकि सामंजस्यता विकसित हो सके

**52.** The seasonal or periodic movement of pastoral farmer with their livestock over relatively short distances seeking fresh pastures between two areas of different climatic conditions is called as :

(1) Lay farming

(2) Crop rotation

(3) Transhumance

(4) Ground farming

**53.** The number of integral solutions $(x, y)$ of the system of equations $x^2 - xy + 8 = 0$ and $x^2 - 8x + y = 0$ is :

(1) 1

(2) 2

(3) 3

(4) 0

**52.** अलग - अलग जलवायु परिस्थितियों के दो क्षेत्रों के बीच ताजा चरागाहों की तुलना में देहात (गाँव) का किसान अपने पशुधन के साथ मौसमी या आवधिक स्थानांतरण करते हैं, उसे कहा जाता है :

(1) चरागाह कृषि

(2) फसलचक्र या फसलवर्तन

(3) संक्रमण

(4) भूकृषि

**53.** समीकरण निकाय $x^2 - xy + 8 = 0$ और $x^2 - 8x + y = 0$ के पूर्णांकीय हलों $(x, y)$ की संख्या है :

(1) 1

(2) 2

(3) 3

(4) 0

**54.** A conical paper cup with height 16 cm and base radius 6 cm is filled to the top with water. If 19/27 of the water is removed, then water level in the cup will drop by (in cm) :

(1) $5\frac{1}{3}$

(2) $4\frac{2}{3}$

(3) $4\frac{1}{3}$

(4) $5\frac{2}{3}$

**54.** कागज से बना एक शंक्वाकार कप जिसकी ऊँचाई 16 cm और आधार की त्रिज्या 6 cm है, पूर्णरूप से पानी से भरा हुआ है। यदि इसमें से पानी का 19/27 भाग निकाल लिया जाए, तो कप में पानी का लेवल कितने cm गिर जाएगा ?

(1) $5\frac{1}{3}$

(2) $4\frac{2}{3}$

(3) $4\frac{1}{3}$

(4) $5\frac{2}{3}$

**55.** Which Indian soil is formed due to weathering of basic igneous rock ?

(1) Lignite soil

(2) Alluvial soil

(3) Desert soil

(4) Black soil

**55.** कौन-सी भारतीय मिट्टी का निर्माण मूलभूत आग्नेय शैलों के अपक्षय के द्वारा हुआ है ?

(1) लिग्नाइट मिट्टी

(2) जलोढ़ मिट्टी

(3) रेतीली मिट्टी

(4) काली मिट्टी

**56.** Which of the following UT does ***not*** have its own Assembly ?

(1) Delhi (2) J & K

(3) Ladakh (4) Pondicherry

**56.** निम्न केन्द्रशासित प्रदेशों में किसकी अपनी विधान सभा ***नहीं*** है ?

(1) दिल्ली (2) जम्मू और कश्मीर

(3) लद्दाख (4) पांडीचेरी

**57.** On which basis, the sectors can be classified into Public and Private sector ?

(1) Ownership of enterprises

(2) The nature of economic activity

(3) Number of workers employed in the enterprise

(4) Employment conditions

